<u>अग्रवाल कॉलेज में **‘एक पेड़ मां के नाम’** पौधारोपण अभियान का आयोजन</u>

आज दिनांक 23 जुलाई, 2024 को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के यूथ रेड क्रॉस व सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के संयुक्त तत्वावधान में "**एक पेड़ मां के नाम**" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि अग्रवाल कॉलेज के प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार व कॉलेज के महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश गुप्ता जी की देखरेख में गत 22 जुलाई से 5 अगस्त, 2024 तक वृक्षारोपण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। प्रधान जी का कहना है कि धरती मां को जीने लायक बनाने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे व उनकी देखभाल भी करनी होगी, उन्होंने बताया कि कॉलेज के हर एक शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी एक पौधा लगाएगा। इसी क्रम में आज फिर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता जी ने उपस्थित स्टाफ सदस्यों व वालंटियर्स की उपस्थिति में पीपल,आम,जामुन नींबू आदि के पेड़ लगाए व उनकी देखवाल की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. के.एल. कौशिक, यूथ रेड क्रॉस कॉर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह, काउंसलर सुभाष कैलोरिया, श्रीमती पूजा, लवकेश, सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड काउंसलर डॉ. देवेंद्र व डॉ० प्रियंका सेहरावत मौजूद रहे।